जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/ 537 | दिनांक : 21.07.2020

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शासकीय एवं अशासकीय,अनुदानित सम्बद्ध महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

अंतिम अवसर

विषयः- स्नातक- बी०ए०, बी०कॉम०, बी०एस०सी, बी०एस०सी० (होम साइंस) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा महाविद्यालयीन संस्थागत एवं असंस्थागत (नियमित/भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर) छात्र/छात्राओं के वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2020 की आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक एम०पी० ऑनलाइन पर अपडेट करने हेतु।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, स्नातक- बी०ए०, बी०कॉम०, बी०एस०सी, बी०एस०सी० (होम साइंस) प्रथम एवं द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा (महाविद्यालयीन संस्थागत एवं असंस्थागत (नियमित/भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर) छात्र/छात्राओं की वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2020 की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक एम०पी० ऑनलाइन पर अपडेट करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 273 दिनांक 07.03.2020 एवं 283 दिनांक 13.03.2020 के द्वारा सूचित किया गया था। किंतु ऐसे महाविद्यालय जिनके द्वारा प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक एम०पी० ऑनलाइन पर अपडेट नहीं किये है।

ऐसे महाविद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुऐ सूचित किया जाता है कि, वे स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2020 की प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अंक एम०पी० ऑनलाइन पर दिनांक **31.07.2020** तक आवश्यक रूप से ए०पी०ऑनलाइन पर आवश्यक रूप से अपडेट करें।

आपको यह भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन अपडेट किये जाने है तथा पूरक (SUPPLYMENTRY)परीक्षा में सम्मलित परीक्षार्थी जिनके आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक के अंक पूर्व में भेजे जा चुके हैं के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे पूरक (SUPPLYMENTRY) परीक्षार्थी जो आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण है। केवल उन्ही छात्रों के नवीन आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट किये जाते है।

विशेष नोटः-

1. **ऐसे महाविद्यालय जिनमें स्नातक प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा शेष है, उनके संबध में म०प्र० उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा प्रदत्त निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।**
2. **कोविड-19 के कारण प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अपडेटेड अंको की हार्डकापी जमा करने हेतु प्रथक से सूचित किया जावेगा।**
3. महाविद्यालय प्राचार्य आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करें कि, महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक निर्धारित अवधि में एम०पी० ऑनलाइन पर अपडेट हों, यदि महाविद्यालय द्वारा किसी छात्र/छात्रा के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑफलाइन हार्डकॉपी पर अंकित कर भेजे जाते है तो ऐसे अंक विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं किये जावेंगे। आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंको के अपडेट नहीं किये जाने की स्थिति में **छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र,उपस्थिति पत्रक एवं डॉकेट जारी नहीं किया जावेगा** एवं परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित किया जावेगा। जिसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई भी पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा ऐसे किसी भी प्रकरण में होने वाली किसी भी वैधानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय जिम्मेदार होंगे। महाविद्यालय द्वारा यदि प्रायोगिक परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन के अपडेट अंको की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में समयावधि मे जमा नहीं की जाती है तो महाविद्यालय द्वारा विलंब से प्रस्तुत अंको को स्वीकार करने के संबंध में माननीय कार्यपरिषद के निर्णयानुसार कार्यवाही की जावेगी।

21/7/2020
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. उप/सहा० कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप/सहायक कुलसचिव (गोपनीय)